13/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्र आज उन सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है, जिन्होंने 23 साल पहले 13 दिसंबर 2001 को आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपनी प्राणों की आहुती दी थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में संसद के सुरक्षा कर्मियों के अदम्य साहस और नि:स्वार्थ सेवा का स्मरण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहादुरों का सर्वोच्च बलिदान देश को सदैव प्रेरित करता रहेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

0000000000000000000

लोकसभा में आज भारतीय संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर विशेष चर्चा शुरू हुई। चर्चा की शुरुआत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, कि संविधान सभा द्वारा निर्मित भारतीय संविधान केवल एक आधिकारिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह लोगों की इच्छा की अभिव्यक्ति है। विपक्षी कांग्रेस पर हमला करते हुए श्री सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में संविधान को एक विशेष पार्टी की देन के रूप में पेश करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं है, बल्कि यह भारत के मूल्यों के अनुरूप एक अद्वितीय, परिवर्तनकारी दस्तावेज है। चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस की प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि संविधान न्याय, एकता और अभिव्यक्ति के अधिकार का कवच है।

श्रीमती वाड्रा ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष ने इस सुरक्षा कवच को तोड़ने का प्रयास किया है।

00000000000000000000

भारतीय लाइट टैंक ने 4 हजार 200 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर अलग-अलग रेंज में कई राउंड सटीक तरीके से फायर करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रक्षा मंत्रालय द्‌वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, ILT को अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं के अनुरूप 25 टन वर्ग के बख्तरबंद लड़ाकू वाहन के रूप में डिजाइन किया जा रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया हैं कि, लाइट टैंक को भारतीय सेना की अस्थायी स्टाफ के आवश्यकताओं के अनुसार रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन की चेन्नई स्थित प्रयोगशाला, कॉम्बैट व्हीकल्स रिसर्च डेवलपमेंट इस्टैब्लिशमेंट द्‌वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि, आंतरिक प्रदर्शन परीक्षणों के इन दो चरणों के साथ, उपयोगकर्ता परीक्षणों के लिए पेश किए जाने से पहले ILT कुछ और परीक्षणों से गुजरेगा।

00000000000000000000

आउटलुक ट्रैवलर द्वारा अरुणाचल प्रदेश को 2025 के लिए शीर्ष साहसिक एडवेंचर ट्रेवेल डेस्टिनेशन के रूप में मान्यता दी गई है। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी खुशी व्यक्त कर अन्य राज्य के साहसिक उत्साही लोगों को राज्य के भ्रमण की अपील करते हुए अरुणाचल प्रदेश की सुंदरता, जीवंत संस्कृति और अंतहीन रोमांच का पता लगाने के लिए आमंत्रित किया है।

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज नामसाई के गोल्डन पोगोडा में जेके टायर ऑरेंज 4x4 फ्यूरी 2024 को हरी झंडी दिखाई, जो ऑरेंज फेस्टिवल ऑफ एडवेंचर एंड म्यूजिक, दांबुक के 9वें संस्करण की शुरुआत का प्रतीक है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मेन ने न केवल प्रतियोगिता के लिए समर्पित बल्कि अरुणाचल प्रदेश की अद्वितीय सुंदरता, संस्कृति और गर्मजोशी को प्रदर्शित करने के लिए इस उत्सव की सराहना की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, 'हमारा लक्ष्य इस उत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना है, ताकि सारी दुनिया का ध्यान हमारी समृद्ध विरासत और आश्चर्यजनक परिदृश्यों की ओर आकर्षित हो।'

0000000000000000000

ईटानगर कैपिटल पुलिस ने एसबीआई ईटानगर ब्रांच, सी-सेक्टर से मिली सूचना के आधार पर नकली नोटों के मामले को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। इस सूचना के आधार पर 5 दिसंबर को 500 रुपये के अड़सठ नकली नोट बरामद किए गए, जिनकी कीमत कुल चौतीस हज़ार रुपये हैं। इस सूचना के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस बीच, एसपी ईटानगर रोहित राजबीर सिंह ने एसडीपीओ ईटानगर के नेतृत्व वाली और मामले को सुलझाने में शामिल टीम के जांच प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने ईटानगर के निवासियों को सतर्क रहने और किसी से भी पैसों की अदला-बदली न करने साथ ही धोखाधड़ी वाले योजनाओं में शामिल होने से बचने का आह्वान किया है। पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन या पुलिस हेल्पलाइन पर दें।

00000000000000000000

दोईमुख विधायक नाबाम विवेक ने आज जिला बागवानी अधिकारी कार्यालय परिसर में एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत इलेक्ट्रिक ड्रायर मशीनों का वितरण किया।

बागवानी विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विधायक ने लाभार्थियों से ड्रायर मशीनों के कुशल उपयोग पर जोर दिया, ताकि सूखाए गए उत्पादों के माध्यम से आय को और बढ़ाई जा सके। उन्होंने भविष्य में भी किसानों और विभाग को अपना निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

0000000000000000000

भारत के प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश ने कल सिंगापुर में चीन के डिंग लीरेन को हराकर दुनिया के सबसे युवा शतरंज चैंपियन बन गए। इस अवसर पर, लोकसभा और राज्यसभा ने आज सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी।

0000000000000000000